बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16/2021 8938 पटना, दिनांक :– 16/11/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर के पत्रांक 792 दिनांक 10.10.2023 द्वारा श्री संजीव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01482) के विरूद्ध मौजा तुलसीपुर थाना संख्या – 29 के याद्दाश्त पंजी संख्या 1, 2, 7 एवं 8 में आदेश को ब्लेड से खुरचकर साक्ष्य मिटाने, कतिपय पृष्ठों को याद्दाश्त पंजी से गायब करने, याद्दाश्त संख्या का क्रमांक बदल देने के साथ–साथ उपरोक्त मौजा के अभिलेखों में गैर कानूनी तरीके से छेड़–छाड़ करने एवं आंशिक रूप से अभिलेखों को नष्ट किए जाने संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8625 दिनांक 20.10.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में इनके द्वारा अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया है एवं यह उल्लेख किया गया है कि इनके द्वारा जब याद्दाश्त पंजी जमा किया गया था, तो फटा हुआ नही था शिविर प्रभारी तथा कानूनगो द्वारा जानबूझ कर छेड़–छाड़ किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप एवं प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि आरोपी द्वारा अपने उपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया है एवं शिविर प्रभारी तथा कानूनगो पर अभिलेखों से छेड़–छाड़ करने का आरोप लगाया है। इनके द्वारा इस अभिकथन के समर्थन में कोई साक्ष्य/अभिलेख स्पष्टीकरण के साथ नहीं दिया गया है, जिससे कि इनके कथन को मान्य किया जा सके। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा अस्पष्ट एवं भ्रामक प्रतिउतर दिया गया है। भू–सर्वेक्षण से संबंधित अतिसंवेदनशील दस्तावेज के साथ छेड़–छाड़ किया जाना एवं उसे नष्ट किया जाना गंभीर आरोप है। इससे विभाग एव सरकार को विपरित परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

विशेष सर्वेक्षण कार्य जैसे अतिसंवेदनशील कार्य में ऐसे कर्मियों के संलग्न रहने से कार्य गुणवत्ता के साथ–साथ अभिलेख आदि की रक्षा प्रभावित होगी एवं इसका कुप्रभाव अन्य कर्मियों पर भी पड़ेगा, इसके दृष्टिगत इनका संविदा में बनाए रखना विभाग एवं कार्यहित में उचित नहीं होगा।

अतः **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम 8(4)''** के आलोक में श्री संजीव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01482) का संविदा समाप्त किया जाता है।

16/11/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16 / 2021 8938 पटना, दिनांक :– 16/11/2023

प्रतिलिपि :– श्री संजीव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01482), बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 16/11/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16 / 2021 8938 पटना, दिनांक :– 16/11/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 16/11/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(मुंगेर)–16 / 2021 8938 पटना, दिनांक :– 16/11/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 16/11/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप